हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 31 दिसंबर 2025



# नए साल का जश्न मनाने दोगुने दाम में रिसोर्ट-फार्म हाउस की बुकिंग, दर्जनभर होटलों में आयोजन, छह सौ से अधिक जवान संभालेंगे जिले में सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज साल 2025 का अंत हो जाएगा, कल की सुबह के साथ ही नए वर्ष 2026 का आगाज होगा। साल बदलने के अवसर पर लोगों ने विशेष जश्न की तैयारियां भी कर रखी है। आलम यह है कि मनगटा सहित जिलेभर में बने डेढ़ सौ से अधिक फार्म हाउस और रिसोर्ट में बुकिंग फूल हो चुकी है। लोगों की डिमांड को देखते हुए संचालकों ने दाम भी बढ़ा दिए थे, लेकिन उसके बाद भी बुकिंग फूल है। वहीं जिलेभर में दर्जनभर होटलों में नए साल के जश्न को खास बनाने के लिए इवेंट कराए जा रहे हैं। जिसमें पास सिस्टम के तहत लोगों को एंट्री दी जाएगी। इन सभी आयोजनों को लेकर लिखित अनुमति लेने की शर्त पुलिस महकमे ने रखी थी।

## जिलेभर में दर्जनभर होटलों में नए साल के जश्न को खास बनाने के लिए कराए जा रहे है इवेंट

### फैमिली, फ्रेंड्स ने कराई बुकिंग

रिसोर्ट संचालकों से मिली जानकारी के अनुसार नए साल का जश्न मनाने के लिए बड़ी संख्या में परिवार द्वारा बुकिंग कराई गई है। बताया गया कि अधिकांश बुकिंग परिवार के लोगों ने एक साथ जश्न मनाने के लिए की है। इसके अलावा दोस्तों के समूहों द्वारा भी बुकिंग की गई है। बताया गया कि रिसोर्ट एवं फार्म हाउस में खाने की तैयारियों के साथ ही जश्न मनाने साउंड सिस्टम की भी व्यवस्था की गई है। हालांकि पुलिस के निर्देशों का पालन करने की बातें भी संचालकों ने कही है।

### खास बातें

- रिसोर्ट, फार्म हाउस में रहेगी पुलिस टीम की विशेष निगरानी
- रात 12 :15 बजे तक साउंड सिस्टम की रहेगी अनुमति, उसके बाद होगी कार्रवाई



### ड्रोन से भी होगी निगरानी

पुलिस महकमे से मिली जानकारी के अनुसार इस बार नए साल के जश्न पर पहरा रखने के लिए साढ़े छह सौ की संख्या में अफसर-कर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसमें कुल 9 राजपत्रित अधिकारी, 20 निरीक्षक एवं लगभग 600 पुलिस अधिकारी–कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन कर ढाबों, होटलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध शराब सेवन, हुड़दंग एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ड्रोन की मदद से होगी निगरानी।

वहीं जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था संभालनेका जिम्मा साढ़े छह सौ पुलिस अफसर एवं कर्मचारियों के पास रहेगा। एसपी अंकिता शर्मा ने जिले को सेक्टर में बांटकर आला अफसरों को जिम्मा भी सौंप दिया है। इधर आज होटल, रिसोर्ट के अलावा कॉलोनियों और मोहल्लों में भी छोटे-बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक आज जिले में तीन सौ से अधिक स्थानों पर रात का जश्न मनाने की तैयारियां की गई है। उल्लेखनीय है कि नए साल के दौरान जश्न मनाने के दौरान वाद-विवाद की आशंका बनी रहती है। वहीं भीड़भाड़ और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके, यह स्थिति आमतौर पर नए साल के जश्न के दौरान देखी जाती है। जिसमें लोग मौज-मस्ती के लिए दोगुने-चौगुने दाम चुकाने को तैयार रहते हैं।

## अभियान चलाकर लगातार असामाजिक तत्वों पर की जा रही कार्रवाई

# नए साल से पहले दो दिन में चार दर्जन बदमाशों पर एक्शन, भेजे गए जेल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अनावेदकों पर कार्रवाई की गई।

तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत अभियान के तहत अनावेदक अरूण विश्वकर्मा 29 वर्ष ग्राम तुमडीबोड, हेमकुमार बंजारे 20 वर्ष कोपेडीह के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। अनावेदकों द्वारा हो-हल्ला कर शांतिभंग कर रहे थे। अन्य लोगों द्वारा समझाइस देने पर और आक्रोशित होकर लड़ने-झगड़ने लगा एवं मरने-मारने पर उतारू हो गया, जिस पर शांति कायम रखने हेतु अनावेदकों मांगीलाल वर्मा 43 वर्ष माड़ीतराई, संतोष सेन 45 वर्ष खंडूपारा के विरूद्ध कार्रवाई की गई।



### हुल्लड मचाया, कार्रवाई

बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आसाजिक तत्वों एवं मोहल्ले में हो-हुल्लड करने वाले अनावेदक अमर यादव 32 साल बांसपाईपारा, कौशल राजपूत 48 साल बांसपाईपारा, दिलीप मरकाम 44 साल निवासी शीतला मंदिर के पास देवारपारा, साहिल सिंह सूर्यवंशी 21 साल निवासी क्लब चौक व मनीष गुप्ता 21 साल निवासी राजीव नगर के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

### नशे में राहगीरों को किया परेशान

पुलिस के अनुसार बागनदी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 30 दिसंबर को ग्राम बागनदी में सूचना प्राप्त हुई कि चुन्नू साहू बागनदी बस स्टैंड के पास नशे की हालत में खड़ा होकर राहगीरों को परेशान कर विवाद कर रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां अनावेदक चुन्नू साहू नशे की हालत में आम लोगों से विवाद करता पाया गया। इसी दौरान अनावेदक दावेंद्र कंवर भी नशे की हालत में अपने परिजनों से विवाद कर रहा था। दोनों अनावेदकों को समझाने का प्रयास किया गया, किंतु वे और अधिक आक्रोशित होकर पुलिस को चुनौती देने एवं मारपीट पर उतारू हो गए। अनावेदकों द्वारा किसी संज्ञेय अपराध की संभावना को देखते धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया।



## कैलेंडर का विमोचन

हरिभूमि समूह के नए साल के कैलेंडर का मंगलवार को विमोचन किया गया, जिस अवसर पर मेयर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, पूर्व विधायक रामजी भारती, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश एच. लाल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, वरिष्ठ कांग्रेसी सूर्यकांत जैन सहित हरिभूमि के ब्यूरो हेड सचिन अग्रहरि एवं समस्त स्टॉफ की उपस्थिति रही।



**खबर संक्षेप**

### कुरुभाठ मंडई 3 को

**मुरमुंदा।** ग्राम कुरुभाठ में मंडई का आयोजन आगामी 3 जनवरी को रखा गया है। ग्राम के कैलाश नेताम, श्री राम साहू ने बताया कि रात्रि में मनोरंजन के लिए ग्राम कोको बानो कवर्धा का कार्यक्रम रखा गया है। ग्रामीणों ने आसपास के लोगों से आने की अपील की है।

### कार की टक्कर से बालिका जख्मी



**चिचोला।** जीई रोड़ पर दुर्घटना थम नहीं रही है। बीते 28 दिसम्बर को रामपुर महराजपुर में मेहमान बनकर आई 11 वर्षीय लतिका जोशी अपने परिजनों के साथ जीई रोड क्रास कर रही थी। इसी दौरान अज्ञात कार चालक ने ठोकर मार दिया जिससे वह घायल हो गई। उसे इलाज के लिए फोर लेन कंपनी की एम्बुलेंस से हॉस्पिटल ले जाया गया। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी योगेश पटेल ने बताया कि सीसीटीवी की फुटेज से अज्ञात वाहन की पतासाजी की जा रही है।

### बघेल के बयान पर भ्रम फैला रही भाजपा

**डोंगरगढ़।** पूर्व पालिका अध्यक्ष धीरज मेश्राम ने कहा कि धीरेन्द्र



ब्रम्हचारी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को विदेश जाने की बात कहने के बाद दी गई प्रतिक्रिया को भाजपा द्वारा तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री बघेल ने सनातन विरोधी बयान नहीं दिया है और न उन्होंने कथावाचक पर व्यक्तिगत टिप्पणी की है।

# मातेखेड़ा के 5 खिलाड़ी नेशनल खेल में दिखाएंगे दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

गांव की खेल प्रतिभाओं को सही प्रशिक्षण और मौका मिले तो वह बड़ी उपलब्धि हासिल करने में सक्षम है जिसका जीवंत उदाहरण भारत खो-खो क्लब मातेखेड़ा के वह पांच खिलाड़ी है तो अपनी प्रतिभा के बूते बैंगलुरू में आयोजित होने वाली 44 वीं जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में शिरकत करेंगे। बेंगलुरु में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ी भाग लेंगे। जानकारी के अनुसार भारत खो खो क्लब मातेखेड़ा के दो बालक नागेश कुमार, पिता पूनाराम निषाद, हेमराज पिता खिलावन साहू, तीन बालिकाएं चार्ली पिता भगवानी निषाद, डिगेश्वरी पिता परसराम निषाद, सरस्वती पिता सुखीराम नेताम का चयन राष्ट्रीय खेल के लिए हुआ है। सभी चयनित खिलाड़ी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गैंदाटोला में अध्ययनरत हैं।

**उपलब्धि से प्रसन्न्ता**

इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल क्लब बल्कि ग्राम, विद्यालय एवं समूचे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का वातावरण है। विद्यार्थियों की इस सफलता में विद्यालय के प्राचार्य वीके मंडलोई का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों में हिस्सा लेने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और हर संभव सहयोग दिया।

## कड़ी मेहनत का सफल परिणाम



**खेल शिक्षकों का योगदान**

टीम के कोच एवं नेशनल टेक्निकल ऑफिशियल भारतलाल कोटेलकर के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने तकनीकी दक्षता, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं सहायक कोच एवं नेशनल टेक्निकल ऑफिशियल रामदास साहू ने खिलाड़ियों के शारीरिक एवं मानसिक प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए तैयार किया। दोनों प्रशिक्षकों की मेहनत और अनुभव के परिणाम स्वरूप छोटे से गांव के खिलाड़ी राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने में सफल हुए। उल्लेखनीय है कि भारत खो-खो क्लब कई वर्षों से ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने एवं उन्हें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने निरंतर प्रयासरत है। क्लब के पदाधिकारियों को विश्वास है कि चयनित खिलाड़ी 44वीं जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्लब, विद्यालय और ग्राम का नाम रोशन करेंगे।

### बांग्लादेश की घटनाओं पर हिन्दुओं ने जताई चिंता

# हिन्दुओं पर अत्याचार, धर्मनगरी में लोगों ने निकाली आक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बांग्लादेश में हिन्दूओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सर्व हिन्दू संगठन एवं बजरंगियों ने आक्रोश रैली निकालकर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री यूनुस खान का पुतला दहन कर आक्रोश जाहिर किया। पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। संगठन के सदस्यो ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। घरों में तोड़फोड़ की जा रही है। महिलाओं और बच्चों पर भी अत्याचार किया जा रहा है।

आक्रोश रैली में जागेश्वर निषाद, विश्वनाथ यादव, मुकुंद मोहन साहू, ऋषभ डकहा, विमल अग्रवाल, शुभम परिहार, विनीत यादव, चांद महानंद, विशाल सुराना, सुब्रतो राय, कैलाश उइके, चेतन अग्रवाल,



संजय श्रीवास्तव, अभिषेक अग्रवाल, नागेश श्रीवास्तव, रवि तिवारी, दुर्गेश सिन्हा, कौशल महोबिया, हिमांशु वेगड़, रितेश सक्सेना, हेमंत यादव, हिमांशु गुप्ता, कुश मालेकर, गणेश साहू, हेमंत सिन्हा, राजवीर कोचे, छोटेलाल यादव, आनंद गवली, नाममु साहू, पंकज सोनी, भूषण सिन्हा, सविता दरगड, अनुराधा शर्मा, लक्ष्मी यादव, शारदा यादव सहित अन्य

**यूनुस सरकार का पुतला दहन**

बजरंग दल के जिला सह संयोजक हनी गुप्ता ने कहा निर्दोष हिन्दुओं की हत्या किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। दुनिया को यह समझना होगा कि हिन्दुओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ आवाज उठाना जरूरी हो गया है। विहिप मंत्री अंकित खंडेलवाल ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोग भय के साये में जीने मजबूर है। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां की सरकार घटनाओं को रोकने में पूरी तरह विफल रही है। विहिप नगर अध्यक्ष बालमुकंद तराने ने कहा कि यूनुस खान द्वारा अत्याचार को बढ़ावा देना अशोभनीय हैं।

# भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति का अनावरण



**छुरिया।** ग्राम कुहीकला में ध्रुव गोंड परिक्षेत्र घोटिया के तत्वावधान में भगवान बिरसा मुंडा मूर्ति की स्थापना गई है। जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, मदन नेताम, जिपं सदस्य बीरमबाई मंडावी, राजेश्वर ध्रुवे, गैंदलाल मंडावी की मौजूदगी में गत दिनों मूर्ति का अनावरण किया गया। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि महान जनजातीय नायक और स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा बचपन से ही अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाने वाले और तेज स्वभाव के थे। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मंडावी, श्री नेताम ने संबोधित करते हुए अन्याय के खिलाफ उनके संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर सरपंच सुनील मंडावी, स्वाति मंडावी, दुलार मंडावी, सोना कौशिक, सालिकराम पटेल, कुंदन बडोले सहित अन्य उपस्थित थे।

### कबड्डी प्रतियोगिता तीन को

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम उरईडबरी में आगामी 3 जनवरी को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सीजी पल्टन कबड्डी क्लब और ग्रामीणों के सहयोग से रखा गया है। आयोजक राजू चन्द्रवंशी, पंकज रावटे, संजय साहू, परमेश्वर मंडावी ने खिलाड़ियों और ग्रामीणों से स्पर्धा में शामिल होने की अपील की है।

## खरीदी केन्द्रों में धान की आवक बढ़ी, परिवहन सुस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को शुरू हुए डेढ़ माह पूरा हो गया है। बीते डेढ़ माह की धान उपार्जन केन्द्रों में बड़ा स्टाक जमा हो गया है।

थोक में टोकन जारी होने के बाद केन्द्रों में धान की आवक बढ़ गई है परन्तु परिवहन के आभाव में खरीदी केन्द्रों में परेशानी खड़ी होने लगी है। जिस अनुपात में धान की आवक हो रही है उस हिसाब से धान का उठाव काफी कम है। कुछ केन्द्रों में स्थानाभाव के चलते धान खरीदी प्रभावित होने लगी है। केन्द्रों में धान लेकर पहुंचे किसानों को धान बेचने के लिए शाम तक इंतजार करना पड़ रहा है।

किसानों ने बताया कि केंद्र धान लेकर सुबह से पहुंच जाने पर भी केन्द्र में जगह की कमी के चलते वाहन को एक के बाद एक अंदर जाने दिया जाता है जिससे किसानों को अपनी बारी के लिए कई घंटों इंतजार करना पड़ता है। कुछ किसानों को दोपहर तक वाहन के साथ खड़ा रहना पड़ता है। और धान बेचते शाम हो जाती है। धान उठाव को लेकर बताया गया है कि धान का उठाव काफी सुस्त है। थोक में डीओ जारी होने के बाद में धान का उठाव तेजी से नहीं हो रहा है जिससे धान खरीदने और रखने में परेशानी हो रही है। क्षेत्र के सभी केन्द्रों में बफर लिमिट से दो गुना धान का संग्रहण हो चुका है। पर परिवहन के आभाव में स्थानाभाव की समस्या गंभीर होने लगा है। अगर यही स्थिति रही तो धान खरीदी बाधित होने की आंशका है।

## नीम तोड़ने जंगल गए ग्रामीण पर तेंदुआ ने किया हमला

- घटना के बाद वनांचल में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जंगल में नीम तोड़ने गए एक ग्रामीण पर तेंदुए ने हमला कर दिया। यह हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसके बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। तेंदुए के हमला से घायल केजउराम कंवर को डोंगरगढ़ से राजनांदगांव रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम लोझरी निवासी केजउ राम कंवर जंगल में नीम तोड़ने गया था। इसी दौरान घात लगाए बैठे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। तेंदुए के हमले से उसके सिर पर गहरी चोट आई है और वह गंभीर रूप से घायल



हो गया है। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। तेंदुए के हमले की खबर फैलते ही गांव में भय का माहौल बन गया है।

# बिजली कटौती का किसानों ने किया विरोध

### पूर्व विधायक ने व्यवस्था सुधारने दिया 15 दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

बिजली की अनियमित आपूर्ति और अन्य समस्याओं ने परेशान हो चुके किसानों आदि ने पूर्व विधायक छन्नी साहू के नेतृत्व में बिजली आफिस पहुंचकर अपना विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लगातार हो रही बिजली कटौती बंद करने, भण्डारपुर में नवनिर्मित 132 केव्ही विद्युत केंद्र प्रारंभ करने, किसानों एवं अन्य उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने, स्मार्ट मीटर की आड़ में किसानों को परेशान करना बंद करने की मांग रखा। ग्रामीणों ने छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए साफ शब्दों में कहा कि व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो जनसहयोग से आंदोलन किया जाएगा।



**किसानों के साथ भेदभाव करने का आरोप**

पूर्व विधायक छन्नी साहू ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों को बिजली उपलब्ध कराने में भेदभाव कर रही है। उन्होंने बताया कि फसल चक्र का पालन करते हुए किसान धान के बजाए मक्का, चना, गेहूँ सहित अन्य फसल लगा रहे हैं किंतु किसानों को परेशान करने के उद्देश्य से प्रतिदिन छह से आठ घंटे बिजली कटौती किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मांग पर शीघ्र पहल नहीं किया गया तो 15 दिन बाद बिजली कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

## राजगामी की जमीन पर धान की खेती, सात किसानों ने किया 530 एकड़ का समर्पण

**राजनांदगांव।** जिले में जारी रकबा समर्पण अभियान के तहत मंगलवार को प्रशासन को बड़ी उपलब्धि मिली है। एक ही परिवार के सात सदस्यों ने उनके नाम पर दर्ज लगभग 530 एकड़ रकबा का समर्पण कर दिया है। यह सभी भूमि उक्त सदस्यों ने राजगामी संपदा न्यास से एक साल के लिए लाइसेंस पर ली थी। ज्ञात हो कि रकबा समर्पण के मामले में जिला प्रदेश के शीर्ष जिलों में बना हुआ है। जिले में अब तक सात हजार एकड़ से अधिक रकबा का समर्पण किसानों द्वारा किया गया है। वहीं प्रशासन भी रकबा समर्पण अभियान को गंभीरता से लेकर कार्य कर रहा है। जिसके चलते ही बेहतर परिणाम मिल रहे हैं।

**इन गांव में थी जमीन**

ककरेल में मोतीलाल सोनी के नाम पर 114 एकड़, सोमनी में विजाया सोनी के नाम पर 48 एकड़, छुरिया में नंदकिशोर सोनी के नाम पर 63.79 एकड़, मोहड़ में संगीता सोनी के नाम पर 92 एकड़, गोपालपुर में आशा सोनी के नाम पर 149 एकड़ और मोहड़ में रेखा सोनी के नाम 63 एकड़ का पंजीयन है। यह सभी जमीन राजगामी से एक साल के लिए खेती करने लाइसेंस के तहत ली गई है।

### तुमड़ीबोड़ और दीवानभेड़ी में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

# धर्म और आध्यात्म भारत ने दिया दुनिया को

**तुमड़ीबोड।** सर्व हिंदु समाज ने गत दिनों दीवानभेड़ी एवं तुमडीबोड में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया। प्रारंभ में प्रातः प्रभात फेरी तथा शोभा यात्रा निकाली गई जो ग्राम के विभिन्न मार्गो से होते हुए सम्मेलन स्थल पहुंची। गौ एवं तुलसी पूजन के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। आयोजन में संत रामबालक दास, सामाजिक समरसता प्रमुख कौशलेंद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र शर्मा, प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय की बहन प्रभा एवं बहन भारती शामिल हुई।

हिंदू सम्मेलन में संत रामबालक दास ने को संबोधित करते हुए हिंदू एवं हिंदुत्व को विस्तार से बताते हुए कहा कि सनातन धर्म सबसे प्राचीन धर्म है जो श्रेष्ठ मानव जीवन तथा जीवन पद्धति है। दुनिया को धर्म और



आध्यात्म भारत ने दिया। वक्ता जितेंद्र शर्मा ने कहा कि हिंदुओं और हिन्दुत्व पर सनातन संस्कृति मिटाने का कुप्रयास विधर्मियों द्वारा किया जाता रहा है परंतु संतों का प्रताप और वीरों का साहस का परिणाम है कि आज भी सभी पूर्वजों के नाम और पहचान के साथ हैं।

**सभी लोगों से संगठित रहने का आह्वान**

प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहन भारती ने हिंदू और हिन्दुत्व को विस्तार से समझाते हुए संगठित रहने के गुर बताए। सामाजिक समरसता प्रमुख कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हिंदू की सही परिभाषा यही है कि जो भारत को अपनी मां माने और गाय, गंगा एवं गीता को पूज्यनीय स्थान देकर सर्वे भवन्तु सुखिनः के सिद्धांत का पालन वही हिंदुत्व की विचारधारा है। वहीं प्रजापति ब्रह्मा कुमारी विश्वविद्यालय की बहन प्रभा एवं रंभा दीदी ने रामायण एवं श्री राम के जीवन चरित्र को विस्तार से बताते हुए अपनाकर जीवन को सफल और सुखद बनाने की सीख दी।

# सुमीत बाजार की वूलन महासेल शुरू ग्राहकों को मिल रहे बंपर डिस्काउंट

**- बिजनेस प्लस -**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विंटर सीजन को खास और किफायती बनाने प्रदेश की सबसे बड़ी रिटेल चेन सुमीत बाजार की ओर से वूलन महासेल की शानदार शुरूआत की गई है। इस महासेल में ग्राहकों को वूलन कपड़ों की आकर्षक और ट्रेंडी रेंज के साथ जबर्दस्त ऑफर्स और बेहतरीन डील्स का लाभ मिल रहा है।

सुमीत बाजार में विंटर सीजन को लेकर ग्राहकों की खासी भीड़ देखने को मिल रही है। यहां स्वेटर, स्वेटशर्ट, हुडीज, जैकेट्स, विंडशीटर, कार्डिगन, वूलन गर्ल्स टॉप, शॉल, स्टोल, मफलर, हैंड ग्लव्स, टोपी और थर्मल वियर सहित विंटर वियर की विस्तृत और आकर्षक रेंज उपलब्ध है। साड़ी, कुर्ती, टी-शर्ट, जींस, शर्ट, ट्राउजर्स, सूटिंग-शर्टिंग, सलवार सूट के साथ-साथ गृह उपयोगी वस्तुएं, सजावट और फर्निशिंग आइटम्स की भी बड़ी रेंज ग्राहकों को मिल रही है। पुरूषों, महिलाओं, किशोरों और बच्चों के लिए लेटेस्ट फैशन कलेक्शन के साथ सुमीत बाजार इस सर्दी को स्टाइलिश और बजट फ्रेंडली बनाने में जुटा हुआ है।




**सर्दी के मौसम में फैशन**

फैशन और जरूरत को ध्यान में रखते हुए सुमीत बाजार ने सभी आयु वर्ग के ग्राहकों के लिए विशेष कलेक्शन पेश किया है। ऑफर्स की बात करें तो चार वूलन आइटम्स की खरीदी पर 50 प्रतिशत, तीन आइटम्स पर 40 प्रतिशत और दो आइटम्स पर 30 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इन ऑफर्स पर नियम व शर्तें लागू है। इसके साथ ही सुमीत बाजार स्टोर्स में ईयर एंड सेल के तहत अन्य कई प्रोडक्ट्स पर भी अतिरिक्त लाभ दिए जा रहे हैं।

## सनातन सेवा संघ ने मनाया वीर बाल दिवस

**राजनांदगांव।** आदि श्री सनातन सेवा संघ द्वारा श्री गुरू गोविंद सिंह के चार बेटों के बलिदान की याद में स्टेशनपारा में 10 दिवसीय नारी आत्मरक्षा शिविर लगाया गया है। जिसमें कन्याओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाया जा रहा है। 26 दिसंबर को चार साहिबजादो को श्रद्धासुमन अर्पित एवं धर्म व राष्ट्र के लिए उनकी वीरता और बलिदानों को याद किए गए।



# राजनांदगांव यादें 2025



चुनावी साल रहा 2025 : गुजरा हुआ यह साल चुनावी रंग में रंगा रहा, जहां नगरीय निकायों में नई सरकार चुनी गई। वहीं ग्रामीण सत्ता पर भी नए चेहरों ने अपनी जगह बनाई। इसके साथ ही जिले के लिए जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य की सुविधाओं में भी इस साल उपलब्धियों से भरा रहा।

## नगर निगम चुनाव में भाजपा की जीत

वर्ष 2025 में स्थानीय चुनाव का जबर्दस्त माहौल रहा। इस चुनाव में भाजपा ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए, जहां नगर निगम के 51 वार्ड में से 40 में जीत हासिल की। वहीं कांग्रेस के हाथों महज 8 सीट ही आ पाई। वहीं मेयर चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने 43 हजार से अधिक की लीड से जीत हासिल की। जिसमें उन्होंने अपने निकटतम कांग्रेस प्रत्याशी निखिल द्विवेदी को पराजित कर तीसरी बार महापौर पद की शपथ ली।

## वर्ष 2025 के दौरान जिले में विविध घटनाक्रम हुए।

- संकलन -

संतोष दुबे, हफीज खान एवं विकल्प श्रीवास्तव

### जनवरी



नगरीय निकाय चुनाव का आगाज, नामांकन में जुटे रहे प्रत्याशी



शिवमहापुराण में उमड़ी भक्तों की भीड़



जिला भाजपा अध्यक्ष बने कोमल राजपूत

### फरवरी



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डोंगरगढ़ चंद्रगिरी में आचार्य विद्यासागर महाराज के चरण चिन्ह कार्यक्रम में शामिल हुए



शहरी सरकार को चुनने के लिए मतदाताओं में दिखा उत्साह, नांदगांव में सबसे कम 74 फीसदी वोटरों ने किया मतदान



ग्रामीण सरकार के लिए मतदान में उमड़ी भीड़, 80 फीसदी वोटरों ने मतपत्रों के जरिये किया मतदान

### मार्च



राजनांदगांव में दो करोड़ रुपए से अधिक की शराब में प्रशासन ने चलाया बुलडोजर



नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह



भीषण जल संकट के चलते शहर में एक दिन के अंतराल में पेयजल आपूर्ति का निर्णय



पेयजल संकट से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में किया प्रदर्शन

### अप्रैल



डोंगरगढ़ में अवैध शहरा बाटलिंग यूनिट में छापामारी, नकली होलोग्राम भी जब्त



डोंगरगढ़ में रोपवे पलटा, भाजपा महामंत्री भरत वर्मा सहित तीन घायल



नक्सल संगठन को झटका, डिप्टी कमांडर ने किया आत्मसमर्पण

### मई



विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा



मेयर मधुसूदन ने पेश किया शहर सरकार का पहला बजट



पुरातत्व की टीम ने शहर के शीतला मंदिर का दौरा कर लिया जायजा

### जून



अवैध रेत उत्खनन का विरोध करने पर ग्रामीणों में फायरिंग, मोहड़ में बवाल



93 लाख रुपए की हेराफेरी, तेंदूपत्ता ठेकेदार सहित 10 पर जुर्म दर्ज



आकाशीय बिजली गिरने से अंबागढ़ चौकी के समीप मालडोंगरी में दो मासूम की मौत

### जुलाई

**मेडिकल कॉलेज अस्पताल को मिली सीटी स्कैन मशीन**





जिले में गजराज और तेंदूआ की धमक से मची दहशत



एलम नहीं होने से शहर में पेयजल आपूर्ति रही ठप



## धर्मांतरण के खिलाफ महाबंद को मिला समर्थन

कांकेर जिले के आमाबेड़ा में हुई धर्मांतरण के विरोध में सर्व समाज के आह्वान पर महाबंद के आह्वान को अच्छी खासी सफलता मिली। बंद को लेकर मानव मंदिर चौक में सभा एवं रैली का भी आयोजन किया गया।

### अगस्त



डीएपी और यूरिया की कमी से नाराज किसानों ने किया चक्काजाम



नई ट्रेन की सौगात, जबलपुर तक सफर आसान



खेत में काम कर रहे किसान को अजगर ने जकड़ा, सोशल मीडिया में वायरल

### सितम्बर



वोट चोर गद्दी छोड़ यात्रा में शामिल हुए कांग्रेस नेता पायलट




शहर के मानव मंदिर चौक स्थित दवा दुकान में चोरी

### अक्टूबर



जिले के नए कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने पदभार ग्रहण किया



जिले में पहली महिला पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा पदस्थ



विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर बिखरा पार्श्व गायक कैलाश खेर की आवाज

### नवंबर



पहली बार राजनांदगांव पहुंचे उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन



राष्ट्रपति के हाथों जिले को मिला जल अवार्ड

### दिसम्बर



एमएमसी के नक्सलियों का डीजीपी के समक्ष बड़ा सरेंडर



नववर्ष को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने किया ड्रोन का भी उपयोग, साथ ही लगातार गश्त भी रहा जारी

# न्यूड फोटो वायरल, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** सोशल मीडिया में न्यूड फोटो व वायरल करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध चिचोला पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार प्रार्थिया द्वारा पुलिस चौकी चिचोला में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि अज्ञात आरोपी द्वारा अलग-अलग मोबाइल नंबर से प्रार्थिया का न्यूड फोटो एवं वीडियो वाट्सअप एवं इंटरनेट के माध्यम से भेजकर वायरल किया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

### तकनीकी साक्ष्य पर पकड़ाया

इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते आरोपी के मोबाइल नंबर का तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी जनकलाल साहू 26 वर्ष निवासी ग्राम कोलिहापुरी पुलिस चौकी चिचोला का होना पाया गया, जिसे पूछताछ कर जुर्म स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय डोंगरगढ़ के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

# खेत में रखे धान को जलाया, आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खेत में रखे 150 कट्टा धान को जलाने के मामले की जांच करते पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 दिसंबर की रात्रि 8 बजे दिलीप साहू निवासी बैगापारा लखोली अपने अन्य साथी के खेत में रखे 150 कट्टा धान लगभग 60 क्विंटल कीमती 1,86,000 रुपए को जलाकर नष्ट कर दिया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 326(च), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी के निश्चित स्थानों में दबिश देकर आरोपी दिलीप साहू 38 साल निवासी लखोली बैगापारा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो अपने अन्य साथी महादेव कौशिक मोहरा व संतोष कुमार उर्फ राजू के साथ जुर्म कारित करना स्वीकार किया। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा सदर का घटित पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार किया गया।












# नए साल का जश्न मनाने दोगुने दाम में रिसोर्ट-फार्म हाउस की बुकिंग, दर्जनभर होटलों में आयोजन, छह सौ से अधिक जवान संभालेंगे जिले में सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज साल 2025 का अंत हो जाएगा, कल की सुबह के साथ ही नए वर्ष 2026 का आगाज होगा। साल बदलने के अवसर पर लोगों ने विशेष जश्न की तैयारियां भी कर रखी है। आलम यह है कि मनगटा सहित जिलेभर में बने डेढ़ सौ से अधिक फार्म हाउस और रिसोर्ट में बुकिंग फूल हो चुकी है। लोगों की डिमांड को देखते हुए संचालकों ने दाम भी बढ़ा दिए थे, लेकिन उसके बाद भी बुकिंग फूल है। वहीं जिलेभर में दर्जनभर होटलों में नए साल के जश्न को खास बनाने के लिए इवेंट कराए जा रहे हैं। जिसमें पास सिस्टम के तहत लोगों को एंट्री दी जाएगी। इन सभी आयोजनों को लेकर लिखित अनुमति लेने की शर्त पुलिस महकमे ने रखी थी।

## जिलेभर में दर्जनभर होटलों में नए साल के जश्न को खास बनाने के लिए कराए जा रहे है इवेंट

### फैमिली, फ्रेंड्स ने कराई बुकिंग

रिसोर्ट संचालकों से मिली जानकारी के अनुसार नए साल का जश्न मनाने के लिए बड़ी संख्या में परिवार द्वारा बुकिंग कराई गई है। बताया गया कि अधिकांश बुकिंग परिवार के लोगों ने एक साथ जश्न मनाने के लिए की है। इसके अलावा दोस्तों के समूहों द्वारा भी बुकिंग की गई है। बताया गया कि रिसोर्ट एवं फार्म हाउस में खाने की तैयारियों के साथ ही जश्न मनाने साउंड सिस्टम की भी व्यवस्था की गई है। हालांकि पुलिस के निर्देशों का पालन करने की बातें भी संचालकों ने कही है।

### खास बातें

- रिसोर्ट, फार्म हाउस में रहेगी पुलिस टीम की विशेष निगरानी
- रात 12 :15 बजे तक साउंड सिस्टम की रहेगी अनुमति, उसके बाद होगी कार्रवाई



### ड्रोन से भी होगी निगरानी

पुलिस महकमे से मिली जानकारी के अनुसार इस बार नए साल के जश्न पर पहरा रखने के लिए साढ़े छह सौ की संख्या में अफसर-कर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसमें कुल 9 राजपत्रित अधिकारी, 20 निरीक्षक एवं लगभग 600 पुलिस अधिकारी–कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन कर ढाबों, होटलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध शराब सेवन, हुड़दंग एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ड्रोन की मदद से होगी निगरानी।

वहीं जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था संभालनेका जिम्मा साढ़े छह सौ पुलिस अफसर एवं कर्मचारियों के पास रहेगा। एसपी अंकिता शर्मा ने जिले को सेक्टर में बांटकर आला अफसरों को जिम्मा भी सौंप दिया है। इधर आज होटल, रिसोर्ट के अलावा कॉलोनियों और मोहल्लों में भी छोटे-बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक आज जिले में तीन सौ से अधिक स्थानों पर रात का जश्न मनाने की तैयारियां की गई है। उल्लेखनीय है कि नए साल के दौरान जश्न मनाने के दौरान वाद-विवाद की आशंका बनी रहती है। वहीं भीड़भाड़ और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके, यह स्थिति आमतौर पर नए साल के जश्न के दौरान देखी जाती है। जिसमें लोग मौज-मस्ती के लिए दोगुने-चौगुने दाम चुकाने को तैयार रहते हैं।

### अभियान चलाकर लगातार असामाजिक तत्वों पर की जा रही कार्रवाई

# नए साल से पहले दो दिन में चार दर्जन बदमाशों पर एक्शन, भेजे गए जेल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अनावेदकों पर कार्रवाई की गई।

तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत अभियान के तहत अनावेदक अरूण विश्वकर्मा 29 वर्ष ग्राम तुमडीबोड, हेमकुमार बंजारे 20 वर्ष कोपेडीह के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। अनावेदकों द्वारा हो-हल्ला कर शांतिभंग कर रहे थे। अन्य लोगों द्वारा समझाइस देने पर और आक्रोशित होकर लड़ने-झगड़ने लगा एवं मरने-मारने पर उतारू हो गया, जिस पर शांति कायम रखने हेतु अनावेदकों मांगीलाल वर्मा 43 वर्ष माड़ीतराई, संतोष सेन 45 वर्ष खंडूपारा के विरूद्ध कार्रवाई की गई।



### हुल्लड मचाया, कार्रवाई

बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आसाजिक तत्वों एवं मोहल्ले में हो-हुल्लड करने वाले अनावेदक अमर यादव 32 साल बांसपाईपारा, कौशल राजपूत 48 साल बांसपाईपारा, दिलीप मरकाम 44 साल निवासी शीतला मंदिर के पास देवारपारा, साहिल सिंह सूर्यवंशी 21 साल निवासी क्लब चौक व मनीष गुप्ता 21 साल निवासी राजीव नगर के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

### नशे में राहगीरों को किया परेशान

पुलिस के अनुसार बागनदी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 30 दिसंबर को ग्राम बागनदी में सूचना प्राप्त हुई कि चुन्नू साहू बागनदी बस स्टैंड के पास नशे की हालत में खड़ा होकर राहगीरों को परेशान कर विवाद कर रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां अनावेदक चुन्नू साहू नशे की हालत में आम लोगों से विवाद करता पाया गया। इसी दौरान अनावेदक दावेंद्र कंवर भी नशे की हालत में अपने परिजनों से विवाद कर रहा था। दोनों अनावेदकों को समझाने का प्रयास किया गया, किंतु वे और अधिक आक्रोशित होकर पुलिस को चुनौती देने एवं मारपीट पर उतारू हो गए। अनावेदकों द्वारा किसी संज्ञेय अपराध की संभावना को देखते धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया।



## कैलेंडर का विमोचन

हरिभूमि समूह के नए साल के कैलेंडर का मंगलवार को विमोचन किया गया, जिस अवसर पर मेयर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, पूर्व विधायक रामजी भारती, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश एच. लाल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, वरिष्ठ कांग्रेसी सूर्यकांत जैन सहित हरिभूमि के ब्यूरो हेड सचिन अग्रहरि एवं समस्त स्टॉफ की उपस्थिति रही।



**अव्यवस्था:** नगर के सार्वजनिक स्थल पर सरेआम गुंडागर्दी, कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

# कवर्धा के बस स्टैण्ड में जमकर चले डंडा और लाठी, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित बस स्टैण्ड में मंगलवार की सुबह उस समय दहशत का माहौल निर्मित हो गया जब कुछ आसामाजिक तत्वों ने मिलकर दिनदहाड़े एक मोबाईल दुकान संचालक और उसे बचाने आए साथिया पर डंडे, लाठी से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

यह सब देख सार्वजनिक स्थल बस स्टैण्ड में मौजूद लोगों के बीच दहशत फैल गई और वे स्वयं डरे व सहमे नजर आए। बताया जाता है आसामजिक तत्वों की यह गुंडागर्दी व मारपीट काफी समय तक चलती रही इस बीच घटना की जानकारी कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी गई लेकिन पुलिस घटना के करीब दो ढाई घंटे बाद मौके पर पहुंची हालांकि अभी तक इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। लेकिन जिला मुख्यालय कवर्धा के सार्वजनिक स्थल बस स्टैण्ड में इस तरह से खुलेआम गुंडागर्दी और मारपीट को लेकर एक बार फिर से कवर्धा की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए गए जा रहे हैं।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक कवर्धा बस स्टैण्ड में मोबाईल दुकान का संचालन करने वाले सुदर्शन चन्द्रवंशी मंगलवार की सुबह करीब 9.30 बजे बस स्टैण्ड स्थित सुलभ शौचालय गए थे। बताया जाता है कि इसी दौरान वहां मौजूद कुछ आसामाजिक तत्वों से उनका किसी बात को लेकर विवाद हो गया और विवाद इतना बढ़ा की आसामाजिक तत्वों ने डंडे, लाठी से सुर्दशन चन्द्रवंशी पर हमला कर दिया।

इतना ही नहीं सुदर्शन को बचाने आए उनके साथी राजेन्द्र चन्द्रवंशी तथा मुकेश चन्द्रवंशी पर भी हमला कर दिया। डंडे, लाठी से किए गए इस हमले में जहां सुदर्शन के हाथ पैर में गंभीर चोटे आई है और उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गयचा है वहीं राजेन्द्र चन्द्रवंशी के सिर में टांके लगे हैं। स्थानीय लोगों की माने तो उन्होने घटना की जानकारी कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी थी लेकिन पुलिस घटना के करीब दो ढाई घंटे बाद मौके पर पहुंची, तब तक हमलावर आसामाजिक तत्व मौके से फरार हो गए।



### बस स्टैण्ड बना अपराधियों का अड्डा

नगर के बस स्टैण्ड में दुकानों का संचालन करने वाले दुकानदारों ने बताया कि शासन, प्रशासन की अनदेखी और खुली छूट के चलते बस स्टैण्ड आसामाजिक तत्वों, शराबियों व नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। बस स्टैण्ड के बगल में स्थित रेवाबंद तालाब में इन लोगों का सुबह से लेकर देररात तक ढेरा जमा रहता है और इन लोगों द्वारा मौका पाते ही चोरी, चकारी, लूटपाट, गुड़ागर्दी जैसे घटनाओं को अंजाम देने से नहीं चूकते। दुकानदारों ने बताया कि इससे पूर्व भी बस स्टैण्ड में इस तरह की घटनाएं कई बार हो चुकी है लेकिन शिकवा शिकायत के बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती।

### बस स्टैण्ड पुलिस चौकी में वर्षो से लटका ताला

नगर का बस स्टैण्ड हमेशा से संवेदशील रहा है। यहीं वजह है कि पुलिस प्रशासन ने यहां पुलिस सहायता केन्द्र खोल रखा है। ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके और आसामाजिक तत्वों पर लगाम लगाई जा सके। लेकिन स्थानीय लोगों की माने तो बस स्टैण्ड के इस पुलिस सहायता केन्द्र में वर्षो से ताला लटका है। यहां न तो पुलिस की तैनाती की जाती है और न ही पुलिस गस्त ही करती है। यही वजह है कि बस स्टैण्ड में आसामाजिक तत्वों, शराबियों व नशेड़ियों की खुलेआम गुंडागर्दी देखने को मिल रही है। जो पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है।

# हाईवा से टकराई मोटर सायकिल, दो की मौत

## घटना के बाद आरोपी हाईवा वाहन चालक फरार

- भोरमदेव से लौट रहे थे मोटर सायकल सवार ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के पंडरिया थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम नवागांव-हटहा मार्ग में बीते सोमवार की रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में मोटर सायकल सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक यह हादसा एक हाईवा वाहन से मोटर सायकल के टकराने से हुआ है। घटना के बाद से आरोपी हाईवा वाहन चालक फरार है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पंडरिया पुलिस ने दोनो मृतकों के शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। दूसरी तरफ आरोपी हाईवा वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की रात मुकेश कुर्रे निवासी भुनियापारा अपने साथी धनसाय बंजारे के साथ मोटर सायकल से भोरमदेव घूमने गया था। बताया जाता है कि दोनो रात्रि करीब 8.30 बजे जब वापस अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान ग्राम नवागांव हटहा मेन रोड के पास हाईवा क्रमांक सीजी-09 जेएन-8333 का चालक अपने हाईवा को मेन रोड सड़क में अचानक लापरवाही पूर्वक मोड़ दिया। जिससे मुकेश कुर्रे हाईवा के पीछे में जाकर टकरा गया। बताया जाता है कि दोनो वाहनो के बीच हुई ये टक्कर इतनी भीषण थी कि मुकेश धनसाय के सिर सहित शरीर के दूसरे हिस्सों में गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल पंडरिया पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। वहीं घटना के बाद आरोपी हाईवा चालक फरार बताया जा रहा है जिसके खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस उसकी पतासाजी कर रही है।



## खबर संक्षेप

### पूर्व सीएम बघेल आज जिले के प्रवास पर

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम खरहटटा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा जिसकी तैयारी की जा रही है गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर शामिल होंगे मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ शासन एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम नवीन जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे श्रीमती ममता चंद्राकर पूर्व विधायक नीलकंठ चंद्रवंशी पूर्व विधायक प्रत्याशी, महेश चंद्रवंशी पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य, राधेलाल भास्कर विष्णु साहू चंद्रभान गायकवाड उत्तरा दिवाकर कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार कोसरिया पारस बंगाली, गुरुदत्त शर्मा मनीष शर्मा जी आनंद सिंह ठाकुर गौतम शर्मा, राजकुमार अनंत उत्तर चंद्राकर दिनेश कोसरीया जनपद सदस्य सहित अनेक जन प्रतिनिधि एवं गण मान्य नागरिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया जारी

**कवर्धा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 में दिए गए निर्देशानुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, पण्डरिया एवं कवर्धा द्वारा आज मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित कर आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों को अवगत कराते हुए प्राप्त दावा-आपत्ति की जानकारी दी गई। अब तक विधानसभा क्षेत्र 71-पण्डरिया में 114 फार्म-6, 0 फार्म-7 एवं 35 फार्म-8 तथा विधानसभा क्षेत्र 72-कवर्धा में 170 फार्म-6, 02 फार्म-7 एवं 42 फार्म-8 प्राप्त हुआ है।

# श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर उन्नयन महा अभियान का शुभारंभ

## उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बैंक एकाउंट एवं क्यूआर कोड का किया विमोचन



- पहले ही दिन दान दाताओं से एकत्र हुई 75 लाख रूपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर के समग्र उन्नयन, सौंदर्यीकरण एवं भव्य मंदिर निर्माण के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर उन्नयन महा अभियान का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंदिर उन्नयन अभियान के लिए खोले गए बैंक एकाउंट एवं क्यूआर कोड का विमोचन किया।

इस डिजिटल सुविधा के माध्यम से अब जिलेवासी, श्रद्धालु एवं दानदाता कहीं से भी सहज रूप से ऑनलाइन दान कर मंदिर के विकास एवं उन्नयन कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह महाअभियान जनसहभागिता, आस्था एवं श्रद्धा का प्रतीक है, जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। उन्होने कहा कि क्यूआर कोड से जिले के नागरिक अधिक से अधिक सहयोग कर इस पुण्य कार्य से जुड़ सकेंगे। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे इस महाअभियान में सहभागी बनकर भगवान श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव के भव्य मंदिर निर्माण के संकल्प को साकार करें। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर उन्नयन महा अभियान कवर्धा नगर के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। क्यूआर कोड एवं बैंक एकाउंट के माध्यम से आम नागरिक भी अब सरलता से इस पुण्य कार्य में सहभागी बन सकेंगे। उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा नगर निरंतर धार्मिक एवं विकासात्मक कार्यों में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने नगरवासियों से आह्वान किया कि वे बढ़-चढ़कर सहयोग कर भव्य मंदिर निर्माण के संकल्प को साकार करें। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस महाअभियान में समाज के हर वर्ग को सहभागी बनना चाहिए, ताकि भगवान बूढ़ा महादेव की कृपा से यह कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो सके। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव सेवा समिति के पदाधिकारियों को 5 लाख रुपए का सहयोग किया तथा इसके अतिरिक्त आगे 5 लाख रुपये और देने की घोषणा भी की।

### बढ़चढ़कर की गई राशि दान

कार्यक्रम में पूर्व विधायक योगेश्वर राज सिंह ने मंच पर ही 1 लाख 11 हजार 1100 रुपये श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव सेवा समिति को भेंट किए। सांसद संतोष पाण्डेय ने भी 1 लाख 11 हजार 1100 रुपए पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू ने 1 लाख 11 हजार रुपए, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने 1 लाख रुपए, तथा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गणेश तिवारी ने 2 लाख 21 हजार रुपए की घोषणा किया। इसके साथ ही कवर्धा शहर के नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर दान देकर इस महाअभियान को स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान कवर्धा नगर पालिका के 21 पार्षदों ने अपना एक-एक माह का वेतन तथा पार्षद निधि से एक-एक लाख रुपये देने की घोषणा की। पहले ही दिन शहर के दान दाताओं से 75 लाख रूपये से अधिक राशि संग्रहित हुई। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी जनप्रतिनिधियों, दानदाताओं, सेवा समिति एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही धार्मिक स्थलों का भव्य स्वरूप साकार होता है। उन्होंने विश्वास जताया कि श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर उन्नयन महा अभियान के माध्यम से यह पावन स्थल देश-प्रदेश में एक नई पहचान स्थापित करेगा।

# जिले में अब तक लगे 76 हजार 795 स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा जारी विद्युत (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियमन 2020, केन्द्रित विद्युत प्राधिकरण के द्वारा जारी मीटरिंग कोड एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाये गये नियमों के पालन में सभी घरेलू, गैर घरेलु एवं शासकीय विभाग के कनेक्शनों में (कृषि पंपों को छोड़कर) के पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटरों से बदला जा रहा है। यह कार्य भारत सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त निर्देशों पर आरडीएसएस योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। इस स्कीम के तहत कबीरधाम जिलें में 76796 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। स्मार्ट मीटर लगने के साथ ही उपभोक्ताओं को मोर बिजली एप के माध्यम से हर आधे घंटे की खपत का रिकॉर्ड मिलने लगा है। विद्युत विभाग ने स्मार्ट मीटर के फायदे बताते हुए कहा है कि स्मार्ट मीटर से रियल टाइम डेटा प्राप्त किया जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं को सटीक और समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जा रही है। जिससे उपभोक्ताओं की बिलिंग एवं रीडिंग संबंधी शिकायत दूर हो रही है और उपभोक्ता संतुष्ट हैं। पावर कंपनी ने बताया कि ऊर्जा खपत की गणना की दृष्टि से दोनों मीटर एक ही है। परंतु स्मार्ट मीटर की खासियत यह है कि यह पारदर्शिता के साथ सूचना आदान-प्रदान करने की क्षमता रखता है। जिससे आपके बिजली बिल खपत की सारी जानकारी आपको मोबाईल फोन पर मोर बिजली एप के माध्यम से प्राप्त हो जाएगी। गौरतलब है कि जहां-जहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, वहां पर बिलिंग और रीडिंग सही समय पर हो रही है। कवर्धा वृत्त के अंतर्गत विभागीय संभाग कवर्धा में 57261, पंडरिया संभाग में 19534 इस प्रकार कबीरधाम जिले में कुल 76795 घरेलू, गैर घरेलू एवं शासकीय विभाग के कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं।




**विकासखंड पंडरिया के डोंगरिया खुर्द में अग्नि दुर्घटना, कारण अज्ञात**

# 125 एकड़ की धान खरही में लगी आग, किसान को भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम डोंगरिया खुर्द में मंगलवार को एक कोठार में अचानक भीषण आग लग गई। इस अग्नि दुर्घटना में करीब 125 एकड़ की खरही जलकर राख हो गई। जिससे पीड़ित किसान को लाखों का नुकसान उठाना पड़ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम डोंगरिया खुर्द निवासी कृषक रामकिशोर वैष्णव पिता खेदु दास वैष्णव ने धान कटाई के बाद 125 एकड़ की धान खरही अपने कोठार में रखी थी। जिसमें मंगलवार को अचानक आग लग गई। धान खरही में आग लगने की भनक मिलते ही श्री वैष्णव और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। इस बीच दमकल अमले को भी सूचना दी गई। लेकिन न तो दमकल अमला पहुंचा और न ही ग्रामीण इस भीषण आग को काबू कर पाए। जिससे पीड़ित किसान को लाखों रूपए का नुकसान उठाना पड़ गया। पीड़ित किसान ने शासन-प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।



### कुण्डा महली क्षेत्र में ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड की रखी मांग

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले का विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है और इस क्षेत्र में आए दिन अग्नि दुर्घटनाएं की घटना होते रहती है। कभी गन्ना के खेत में आग लगने की खबरे सामने आती है तो कभी ग्रामीणों के घरों और कोठार में आग लगने की घटनाए होते रहती है। ऐसे में ग्रामीण किसानो को समय रहते दमकल की सुविधा नहीं मिल पाती और उन्हें बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए क्षेत्रवासियों ने कुण्डा व महली के फायर ब्रेगेड की मांग की है।

### खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था भी अग्नि दुर्घटनाओं का बड़ा कारण

इस क्षेत्र की खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यास्था भी अग्नि दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार है। बताया जाता है खेत, खलियानो के ऊपर से होकर गुजरने वाले हाई वोल्टेज तारों में होने वाले सार्ट सर्किट से उठी चिंगारियों के खेतों में लगी फसल पर गिरने से आग भड़क जाती है। जिसे दुरूस्त करने की जरूरत है।

# पोंड़ी में मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जयंती, निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭पोंड़ी

ग्राम पंचायत पोंड़ी में मंगलवार को धूमधाम के साथ संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269 वीं जयंती मनाई गई। जिसमे भव्य शोभा यात्रा के पूर्व ग्राम पंचायत पोंड़ी स्थापित जैतखाम में विधि विधान के साथ पूजा आरती कर पालो चढ़ाया गया, पालो चढ़ाने के बाद लोगों ने जैतखाम की पूजा अर्चना की और परिवार सहित गांव के लोगों के लिए सुख-समृद्धि और वैभव की मनोकामना किया।

पालो चढ़ाने के बाद ग्राम पोंड़ी के युवा समिति और ग्रामीणों द्वारा धुमाल के धुन में नाचते गाते व झुमते हुए पोंड़ी नगर में भव्य शोभा यात्रा रैली निकाली गई। इस शोभा यात्रा के दौरान महिलाएं, बच्चे व जवान तथा बुजुर्ग सभी हजारों की संख्या में भव्य शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। इस भव्य शोभा यात्रा रैली में धुमाल की धुन में सतनामी पारा से होकर पोंड़ी बस स्टैंड चौक, बिलासपुर रोड स्थित जैतखाम तक गया, जिसके बाद वापस बस स्टैंड भ्रमण करने बाद गांव में समापन हुआ। ग्राम पंचायत पोंड़ी के बालक दास युवा समिति और सतनाम समाज ग्रामीणों द्वारा भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के महिलाएं एवं पुरूषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित होकर शोभा यात्रा के दौरान बालक दास युवा समिति द्वारा अखाड़े तथा शोभा यात्रा के आगे आगे अपना जबरदस्त करतब दिखाते गए अखाड़े का करतब देखने भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे।

इस दौरान अध्यक्ष खेलावन बंजारे, लतेल दास मिरी, सुरेश बंजारे, अमृत मिरी, मनोज बंजारे, मनी टंडन, फागुराम कुर्रे, हेमंत बघेल, कन्हैया बंजारे, कृष्णा मिरी, राजेश मिरी, रामजी बंजारे, राजू डेहरे, दीपेश बंसे, नंदू पूरेना, जितेश कुर्रे, वेद बंजारे, हिलकर बंजारे, रुपेश मिरी, घनश्याम बंजारे, लखन बंजारे, करन नौरंग, विजय नौरंगे, रामकिसून बंजारे, सालिक, आडिल, सोनू मिरि, तरन मोहले, जगतरण भास्कर, इन्द्रमन बंसे, प्रेमलाल बंजारे, जीतेन्द्र बंजारे सहित सतनामी समाज के अनुयायी जन उपस्थित थें।



## सांसद संतोष पांडेय बाबा गुरुघासी दास जयंती में हुए शामिल

ग्राम पंचायत पोंड़ी में आयोजित बाबा गुरु घासीदास की जयंती कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडेय शामिल हुए। उन्होंने बाबा गुरु घासीदास से आर्शीवाद लेकर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि जयराम साहू, सरपंच प्रतिनिधि मोतीराम साहू, दिलीप श्रीवास्तव, वेद साहू, रवि निषाद उपस्थित थें।



## डीजे के धुन में उत्साहित नजर आए

सतनाम समाज के अनुयायी महिलाएं भव्य शोभा यात्रा के दौरान महिलाएं व ग्रामीण जन डीजे के धून में बाबा घासीदास गीतों के धुन में उत्साहित तथा झूमते नजर आए।

## खबर संक्षेप

### डेहरी में नौ दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण व श्री शिव महापुराण कथा आयोजित

**हरिभूमि पिपरिया।** ग्राम डेहरी में परमपिता श्री लक्ष्मीनारायण एवं भगवान भूतभावन महादेव की कृपा से दिव्य श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ व श्री हरि हर शिवमहापुराण एवं श्री रामकथा का भव्य आयोजन 24 दिसम्बर से 2025 से 01 जनवरी 2026 तक आयोजित की जा रही है। जिसमें पं राजेश शर्मा कठोतिया बेमेतरा वाले द्वारा श्रीमद् शिवमहापुराण कथा व्यास द्वारा तथा श्रीराम कथा व्यास श्री श्री 1008 जगदगुरू धीरेन्द्राचार्य महाराज द्वारा ग्राम डेहरी सहित आसपास क्षेत्र के भक्तजनो व श्रद्धालुओं को कथा रसपान कराया जा रहा है। जिससे क्षेत्रवासियों में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

## सौगात : कांवड़ियों को उपमुख्यमंत्री ने दी 1.54 करोड़ रूपए की बड़ी सौगात

# विजय शर्मा ने श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर में कांवड़िया विश्राम गृह निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पवित्र सावन माह में अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर दुर्गम एवं कठिन रास्तों से पदयात्रा करते हुए कवर्धा स्थित भगवान श्री बूढ़ा महादेव में जलाभिषेक करने आने वाले हजारों श्रद्धालु कांवड़ियों के लिए आज एक ऐतिहासिक सौगात मिली। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कांवड़ियों की सुविधा और विश्राम के लिए 1 करोड़ 54 लाख 72 हजार रुपए की लागत से बनने वाले श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर कांवड़ियों विश्राम गृह डोम के निर्माण कार्य का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम से पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भगवान बूढ़ा महादेव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, पूर्व विधायक योगेश्वर राज सिंह, अशोक साहू, जिला पंचायत सभापति डॉ वीरेन्द्र साहू, नपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, श्रीमती विजयलक्ष्मी तिवारी, श्रीमती सतविंदर पाहुजा सहित समस्त पार्षद, जनप्रतिनिधि, श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव सेवा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान बूढ़ा महादेव न केवल कवर्धा बल्कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आस्था का एक प्रमुख केंद्र है। यह स्थल सदियों से श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र रहा है। प्रत्येक वर्ष पवित्र सावन माह में बड़ी संख्या में कांवड़िएं अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर कठिन एवं दुर्गम मार्गो से पैदल यात्रा करते हुए भगवान बूढ़ा महादेव में जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। कांवड़ियों की इस कठिन तपस्या, अटूट आस्था एवं श्रद्धा को दृष्टिगत रखते हुए उनके विश्राम एवं आवश्यक सुविधाओं के लिए श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर परिषर में कांवड़ियों विश्राम गृह डोम का निर्माण किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं आरामदायक रूप से ठहरने की सुविधा उपलब्ध होगी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश के अमरकंटक क्षेत्र में भी कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए शीघ्र ही भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।

इससे छत्तीसगढ़ सहित कवर्धा एवं अन्य जिलों से अमरकंटक जाने वाले कांवड़ियों और श्रद्धालुओं को वहां ठहरने की बेहतर व्यवस्था मिल सकेगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि भोरमदेव क्षेत्र के समग्र विकास के लिए 146 करोड़ रुपए की लागत से भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। यह कॉरिडोर उज्जैन एवं बनारस की तर्ज पर विकसित किया जाएगा, जिससे भोरमदेव मंदिर परिषर का सौंदर्यीकरण होने के साथ-साथ श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि नववर्ष के अवसर पर केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की गरिमामयी उपस्थिति में भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जिलेवासियों के लिए गर्व का विषय है, जो कवर्धा को धार्मिक एवं पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समस्त नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से इस ऐतिहासिक अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का अपील किया।



### कांवड़यिा विश्राम गृह डोम निर्माण कार्य के शुभारंभ के साक्षी बन रहे हैं: सांसद

सांसद संतोष पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम सभी श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर परिषर में कांवड़यिा विश्राम गृह डोम निर्माण कार्य के शुभारंभ के साक्षी बन रहे हैं, जो कवर्धा सहित पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व और आस्था का विषय है। उन्होंने कहा कि कवर्धा की ख्याति आज पूरे देश में धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से स्थापित हो चुकी है। श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर को श्रद्धालुओं द्वारा छोटा काशी के रूप में जाना जाता है। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि कवर्धा के जो भी लोग जीवन में ऊंचे मुकाम तक पहुंचे हैं, उनके जीवन में श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव का आर्शीवाद सदैव रहा है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर परिसर में 24 घंटे चलने वाला राम नाम संकीर्तन भगवान की विशेष कृपा और आर्शीवाद का प्रतीक है, जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक वातावरण बना रहता है। उन्होंने कहा कि जब भगवान के कार्य की बारी आती है, तब कवर्धावासी एकजुट होकर तन-मन और धन से सहयोग करते हैं।

### कांवड़ियां विश्राम गृह डोम निर्माण कार्य का शुभारंभ हर्ष का विषय है

पूर्व विधायक योगेश्वर राज सिंह ने कहा कि आज भगवान बूढ़ा महादेव मंदिर परिषर में कांवड़ियां विश्राम गृह डोम निर्माण कार्य का शुभारंभ अत्यंत हर्ष का विषय है। उन्होंने भगवान पंचमुखी श्री बूढ़ा महादेव की विशेष महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि अन्य शिवालयों में सामान्यतः एक ही शिवलिंग की पूजा-अर्चना का विधान है, जबकि भगवान पंचमुखी श्री बूढ़ा महादेव मंदिर में एक साथ 25 शिवलिंगों के दर्शन एवं पूजा का पुण्य लाभ प्राप्त होता है।

### सावन माह में कांवड़ियों को मिलेगी सुविधाः नपाध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि आज का दिन कवर्धा नगर एवं समस्त श्रद्धालु कांवड़ियां के लिए अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का अवसर है। पवित्र सावन माह में मां नर्मदा का जल लेकर भगवान बूढ़ा महादेव में जलाभिषेक करने आने वाले कांवड़ियां के लिए कांवड़ियां विश्राम गृह डोम एक बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि यह वह सुविधा है, जिसका कांवड़ियां को वर्षो से इंतजार था। डोम की व्यवस्था नहीं होने के कारण पूर्व में कांवड़ियां को ठहरने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उन्होने कहा कि कांवड़ियां की इस समस्या को गंभीरता से समझते हुए उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने उनकी सुविधा के लिए पहल की और उनके सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप आज 1 करोड़ 54 लाख रुपए की लागत से बनने वाले भव्य कांवड़यिा डोम के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। यह डोम न केवल कांवड़ियां के लिए सुविधा का केंद्र बनेगा, बल्कि श्रद्धालुओं की सेवा एवं आस्था का प्रतीक भी होगा।

## बिजनेस प्लस

# सुमीत बाजार की वूलन महासेल शुरू, ग्राहकों को मिल रहे बंपर डिस्काउंट

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विंटर सीजन को खास और किफायती बनाने प्रदेश की सबसे बड़ी रिटेल चेन सुमीत बाजार की ओर से वूलन महासेल की शानदार शुरुआत की गई है। इस महासेल में ग्राहकों को वूलन कपड़ों की आकर्षक और ट्रेंडी रेंज के साथ जबरदस्त ऑफर्स और बेहतरीन डील्स का लाभ मिल रहा है। सर्दी के मौसम में फैशन और जरूरत दोनों को ध्यान में रखते हुए सुमीत बाजार ने सभी आयु वर्ग के ग्राहकों के लिए विशेष कलेक्शन पेश किया है। ऑफर्स की बात करें तो चार वूलन आइटम्स की खरीदी पर 50 प्रतिशत, तीन आइटम्स पर 40 प्रतिशत और दो आइटम्स पर 30 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इन ऑफर्स पर नियम व शर्तें लागू हैं। इसके साथ ही सुमीत बाजार स्टोर्स में ईयर एंड सेल के तहत अन्य कई प्रोडक्ट्स पर भी अतिरिक्त लाभ दिए जा रहे हैं। सुमीत बाजार में विंटर सीजन को लेकर ग्राहकों की खासी भीड़ देखने को मिल रही है। यहां स्वेटर, स्वेटशर्ट, हुडीज, जैकेट्स, विंडशीटर, कार्डिगन, वूलन गर्ल्स टॉप, शॉल, स्टोल, मफलर, हैंड ग्लव्स, टोपी और थर्मल वियर सहित विंटर वियर की विस्तृत और आकर्षक रेंज उपलब्ध है। इसके अलावा साड़ी, कुर्ती, टी-शर्ट, जींस, शर्ट, ट्राउजर्स, सूटिंग-शर्टिंग, सलवार सूट के साथ-साथ गृह उपयोगी वस्तुएं, सजावट और फर्निशिंग आइटम्स की भी बड़ी रेंज ग्राहकों को मिल रही है। पुरुषों, महिलाओं, किशोरों और बच्चों के लिए लेटेस्ट फैशन कलेक्शन के साथ सुमीत बाजार इस सर्दी को स्टाइलिश और बजट फ्रेंडली बनाने में जुटा हुआ है।




## हाई स्कूल रौचन में छात्राओं को सायकिल वितरित



**हरिभूमि बोड़ला।** शासकीय हाई स्कूल रौचन में मंगलवार को शिक्षा और सशक्तिकरण का संगम देखने को मिला। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत विद्यालय परिषर में छात्राओं को निःशुल्क सायकिल वितरण हेतु एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति जिसमें मुख्य रूप से नितेश अग्रवाल, नन्द श्रीवास, लक्ष्मण श्रीवास, हरिचंद साहू, छन्नू राम साहू, खेमुराम यादव उपस्थित थें। विद्यालय के प्राचार्य मानक लाल चंद्रवंशी ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं स्थानीय प्रबुद्ध जन भी बड़ी संख्या में उपस्थित थें। सायकिल वितरण के दौरान छात्राओं के चेहरे खिल उठे, अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि सायकिल मिलने से अब दूर-दराज के गांवों से आने वाली छात्राओं का समय बचेगा और वे पूरी ऊर्जा के साथ अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। उन्होंने छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रौशन करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य मानक लाल चंद्रवंशी ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण अंचल की छात्राओं की शिक्षा में आने वाली दूरी की बाधा को दूर करना है। आत्मनिर्भरता की अतिथियों द्वारा छात्राओं को सायकिल की चाबियां सौंपी गई, जिसे पाकर छात्राएं अत्यंत उत्साहित नजर आई। सामुदायिक सहभागिता समिति सदस्यों ने विद्यालय के विकास और शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का समापन गरिमापूर्ण तरीके से हुआ, जिसमें स्कूल के समस्त स्टाफ और ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

## हरिनछपरा स्थित सामुदायिक भवन जर्जर व बदहाल, मरम्मत कार्य की मांग

**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिनछपरा स्थित सामुदायिक भवन अत्यधिक पुराना होने के कारण जर्जर व बदहाल तथा क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, वहीं सामुदायिक भवन में उग आए खरपतवार से सामुदायिक भवन पूरी तरह ढक चुके हैं और चारों ओर गंदगी पसरा हुआ है। सामुदायिक भवन सुधार व मरम्मत तथा नवनिर्माण कार्य के अभाव में जर्जर व बदहाल हो चुके है। मिली जानकारी के अनुसार हरिनछपरा चौक के कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग किनारे हरिनछपरा स्थित सामुदायिक भवन अत्यंत जर्जर और बदहाल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि देखरेख के अभाव में सामुदायिक भवन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि सामुदायिक भवन बरसात के दिनों में छत व दीवाल से पानी रिसाव तथा पानी जमावड़ा होने से छत से प्लास्टर तथा दीवाल अत्यंत क्षतिग्रस्त साथ ही साथ मोटी मोटी दरारे फटने के कारण छोटी बड़ी दुर्घटना हादसा को न्योता दे रही है। जिस पर ग्रामीण रहवासियों ने क्षेत्र के जिम्मेदार जन प्रतिनिधियो को इस ओर ध्यान देने तथा सुधार व मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामवासियों को सामुदायिक भवन का लाभ मिल सकें।

## // आम सूचना //

मेरे पक्षकार अतीभ सिंह ठाकुर पिता हेमंत ठाकुर उम्र 21 वर्ष निवासी सरजा सदन प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम छ०ग० के निवासी है। मेरे पक्षकार के अतीभ सिंह ठाकुर के आधार कार्ड क्रमांक 6872 6628 4297 में उनके पिता जी का नाम हेमंत सिंह ठाकुर दर्ज है, जबकि उसके अन्य शैक्षणिक प्रमाण पत्र उनके पिता जी का नाम हेमंत सिंह दर्ज है इस प्रकार हेमंत ठाकुर-हेमंत सिंह ठाकुर दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है।

यदि किसी को इस संबंध में कोई भी दावा आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर संबधित कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकता है। इसके पश्चात कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा।

स्थान-कवर्धा
दिनांक - 30.12.2025

मुहर

रोमेन्द्र सिंह ठाकुर अधिवक्ता
पता तहसील कार्यालय परिसर कवर्धा
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

## ऑल इंडिया सब जूनियर बेसबॉल क्लब प्रतियोगिता देहरादून में 28 से 30 दिसम्बर तक आयोजित

# प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के पांच खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ऑल इंडिया विनय विस्डम बेसबॉल क्लब प्रतियोगिता के तत्वाधान में सब जूनियर बेसबॉल क्लब प्रतियोगिता बालक वर्ग का आयोजन उत्तराखंड के देहरादून में 28 से 30 दिसंबर तक आयोजित किया गया, जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम से प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के पंकज मेरावी, चंद्रेश कोर्राम, शिवम पटेल, लक्ष्य विभोर एवं मयंक चंद्रवंशी कुल पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ था साथ में कोच के रूप में लखन देवांगन और रवींद्र साहू को नियुक्त किया गया था। एकेडमी के सचिव राजा जोशी ने बताया कि देहरादून में हुए बेसबॉल क्लब प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से बिलासपुर और कवर्धा के खिलाड़ी सम्मिलित हुए थे, जिनका लींग का पहला मैच चंडीगढ़ से हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम ने चंडीगढ़ को 05-03 के स्कोर से हराकर यह मैच जीता, दूसरा मैच मध्यप्रदेश के साथ हुआ जिसमे 03-02 के स्कोर से हराकर छत्तीसगढ़ की टीम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना दिल्ली के साथ हुआ। इस मुकाबले में छत्तीसगढ़ के बालक टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से दिल्ली की टीम को एक तरफा मात देते हुए 13- 00 के स्कोर से पराजय करके सीधा सेमीफाइनल में जगह बनाया और इस मुकाबले में उनका सामना हरियाणा के साथ हुआ, इस मुकाबले में छत्तीसगढ़ की टीम ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हरियाणा के टीम को 04-01 से हराकर सीधा ग्रैंड फाइनल में प्रवेश किए जिसमें फाइनल मुकाबला छत्तीसगढ़ विरुद्ध पंजाब के बीच खेला गया। पांच इनिंग का यह मुकाबला बहुत ही रोमांचक भरा रहा दोनों टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया परन्तु पंजाब की टीम ने अपनी अच्छी बैटिंग के मदद से छत्तीसगढ़ को 07-03 के स्कोर से हराकर विजेता बने और छत्तीसगढ़ की बालक टीम उपविजेता बनी इस पूरे मुकाबले में कवर्धा के चंद्रेश, लक्ष्य, पंकज, शिवम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और प्रदेश के साथ-साथ कवर्धा नाम रौशन किया। अकेडमी के पांच खिलाड़ियों द्वारा ऑल इंडिया बेसबॉल क्लब प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल लगाने के उपलक्ष्य पर सुश्री मिताली घोष महासचिव छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ, गणेश तिवारी अध्यक्ष प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष नगर पालिका, गजराज सिंह ठाकुर निज सहायक, नरेंद्र मानिकपुरी निज सहायक, दीपक सिन्हा पार्षद, पवन देवांगन डारेक्टर अशोका पब्लिक स्कूल, अतुल देशलहरा वरिष्ठ समाजसेवी, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई दिए साथ ही उनकी उज्जवल भविष्य की मनोकामना की।



# सुबह की धूप में सुकून के पल, बुजुर्ग ग्रामीण महिलाओं की आत्मीय चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला सहित आसपास क्षेत्र में शीतलहर का असर साफ दिखाई दे रहा है, कड़ाके की ठंड से राहत पाने के लिए गांव की बुजुर्ग महिलाएं सुबह-सुबह अपने मोहल्ले में एक घर के सामने सामूहिक रूप से एकत्र होकर धूप का आनंद लेती नजर आ रही हैं। यह दृश्य न केवल मन को सुकून देने वाला है, बल्कि ग्रामीण सामाजिक जीवन की जीवंत तस्वीर भी प्रस्तुत करता है। वहीं धूप सेंकते हुए महिलाएं आपस में घरेलू विषयों पर चर्चा करती हैं, बातचीत के दौरान घर-परिवार, बच्चों की चिंता, स्वास्थ्य, खेती-किसानी के हालात के साथ-साथ महंगाई भी चर्चा का प्रमुख विषय रहती है। महिलाओं का कहना है कि वर्तमान समय में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं, टमाटर 50 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है, जिससे घर का बजट बिगड़ रहा है। बुजुर्ग महिलाओं के लिए यह सुबह की बैठक केवल ठंड से बचने का साधन नहीं, बल्कि आपसी मेल-जोल, हंसी-मजाक और भावनात्मक सहारा भी है। एक-दूसरे के साथ बैठकर बातचीत करने से उन्हें मानसिक शांति और अपनापन महसूस होता है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे दृश्य गांव की सामाजिक एकता और परंपरागत जीवनशैली को दर्शाते हैं। मोहतरा कला में बुजुर्ग महिलाओं की यह धूप चौपाल हर सुबह गांव में एक सकारात्मक माहौल बनाती है। ठंडी सुबह में धूप के साथ संवाद और साथ का यह दृश्य देखने वालों को भी अच्छा लगता है और ग्रामीण जीवन की सरलता व आत्मीयता को उजागर करता है।





जीवेत शरदः शतम्
राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के यशस्वी सांसद
एवं प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता भाजपा
मा. संतोष पाण्डेय जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
31 दिसम्बर
श्रीमती इंद्राणी चन्द्रवंशी
पूर्व जनपद अध्यक्ष
दिनेश चन्द्रवंशी
पूर्व सासंद प्रतिनिधि
विनीत : इन्द्राणी दिनेश चन्द्रवंशी पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा




जीवेत शरदः शतम्
राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र
के यशस्वी सांसद
मा. संतोष पाण्डेय जी
को
जन्मदिन
की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
मा. संतोष पाण्डेय
सांसद राजनांदगांव, कवर्धा
श्रीमती सुशीला भट्ट
पूर्व अध्यक्ष
जिला पंचायत कबीरधाम
रामकुमार भट्ट
प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष कबीरधाम एवं
सभापति जिला पंचायत कवर्धा




जीवेत शरदः शतम्
31 दिसम्बर
राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के यशस्वी सांसद
एवं प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता भाजपा
मा. संतोष पाण्डेय जी को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विनित : विष्णु चन्द्रवंशी प्राधिकृत अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोहगांव